# प्रतिवेदन

**परियोजना का नामः– जनपद टिहरी गढ़वाल में नरेन्द्रनगर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत कौड़ियाला से गंगलसी तक मोटर मार्ग नव निर्माण हेतु वनभूमि का हस्तान्तरण प्रस्ताव। (लम्बाई 2.00 कि0मी0)**

जनपद टिहरी गढवाल में विधानसभा क्षेत्र नरेन्द्रनगर के अर्न्तगत कौड़ियाला से गंगलसी मोटर मार्ग के नवनिर्माण हेतु शासनादेश संख्या 3930/111(2)/09–08 (एम0एल0ए0)/08 टी0सी0 दिनांक 02.03.09 द्वारा 2.00 कि0मी0 लम्बाई के लिए प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृती ₹ 70.00 लाख प्राप्त हुयी हैं। प्रस्तुत संरेखण ऋषिकेश – बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 58 से प्रारम्भ होकर गंगलसी गाँव में जाकर मिलता हैं।

इस क्षेत्र में यातायात की कोई सुविधा नहीं है जिससे ग्रामीणों को मुख्य मार्ग तक आने में भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। यातायात की सुविधा न होने से विद्यार्थियों को पैदल चलना पड़ता है जबकि पैदल रास्तों में जगंली जनवारों का डर रहता है। क्षेत्रवासियों को चिकित्सा की सुविधा से वचिंत रहना पड़ता है। मार्ग निर्माण से क्षेत्र का आर्थिक, सामाजिक, शैक्षिक विकास होगा। अतः जनहित में मार्ग का निर्माण किया जाना अतिआवश्यक है।

यह संरेखण अधिकतर क्षेत्रीय जनता को आवागमन की सुविधा की दृष्टी एवं तकनीकी दृष्टीकोण से भी उचित हैं और न ही इस संरेखण में कोई क्रोनिक स्लीप जोन पड़ेगा।

इस मोटर मार्ग पर पड़ने वाले आरक्षित वनभूमि हस्तान्तरण 7 मीटर चौड़ाई में लिया गया है जिसका कुल वनभूमि का क्षेत्रफल 1.33 हे0 है, तथा वृक्षों की गिनती 7 मीटर चौड़ाई में की गई है जिनकी संख्या 170 है। मार्ग निर्माण में कोई भी बांज वृक्ष नहीं आ रहा है। इस मार्ग में पडने वाले ग्रामों की सूची निम्न प्रकार हैं:–

| कमांक | ग्राम सभा का नाम | कोड संख्या | आबादी |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | कौड़ियाला | 044531 | 189 |
| 2. | गंगलसी | 044527 | 601 |

मार्ग पर पडने वाली भूमि का विवरण निम्न प्रकार हैं।

1. **आरक्षित वन भूमि का क्षेत्रफल – 1.050 है0 (1500 मी0 x 7.00 मी0)**
2. **सिविल सोयम भूमि का क्षेत्रफल – 0.280 है0 (400 मी0 x 7.00 मी0)**
3. **नाप भूमि का क्षेत्रफल – 0.070 है0 (100 मी0 x 7.00 मी0)**

कनिष्ठ अभियन्ता
नि0ख0,लो0नि0वि0
नरेन्द्रनगर

सहायक अभियन्ता
नि0ख0,लो0नि0वि0
नरेन्द्रनगर

अधिशासी अभियन्ता
नि0ख0,लो0नि0वि0
नरेन्द्रनगर